**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल से रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन की मुलाकात

जयपुर, 4 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन श्री राजेश कृष्ण बिरला ने मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान श्री बिरला ने राज्यपाल श्री मिश्र की पहल पर राजस्थान में रेडक्रॉस के विस्तार और जिलों से लेकर राज्य स्तर तक इसके पुनर्गठन के लिए उनका आभार प्रकट किया। श्री बिरला ने राज्यपाल को रेडक्रॉस सोसायटी की वर्तमान में संचालित स्वयंसेवी, राहत एवं प्रशिक्षण गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना के बारे में जानकारी भी दी।

--------